स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 08.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

पॉचवे दिन तक कुल 11303 पंजीकृत हितग्राहियों को मोबाईल का वितरण किया गया
निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान ने शिविरों का निरीक्षण किया गया

भिलाईनगर/शासन के संचार क्रांति योजना के अन्तर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को निशुल्क स्मार्ट फोन (मोबाईल) वितरण किये जाने कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा निगम क्षेत्र के सभी जोन क्षेत्र में संचार क्रांति योजना के अन्तर्गत पंजीकृत हितग्राहियों के लिए समस्त वार्ड में ई–पावती शिविर एवं निःशुल्क मोबाईल वितरण केन्द्र बनाया गया है। दिव्यांग हितग्राहियों के लिए पृथक से व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिया गया है।

पॉचवे दिन निगम जोन क्रमांक 01– नेहरू नगर 348 नग, जोन क्रमांक –02 वैशाली नगर 330, जोन क्रमांक –03 मदर टेरेसा नगर 306, जोन क्रमांक 04– शिवाजी नगर 286, जोन क्रमांक 05– 360 एवं जोन क्रमांक–06 – 265 कुल 1895 निशुल्क मोबाइल फोन का वितरण पात्र हितग्राहियों को वितरित किया गया। अब तक कुल 11303 मोबाईल का वितरण किया गया है।

नगर पालिक निगम भिलाई संचार क्रांति योजना के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों के लिए निशुल्क स्मार्टफोन वितरण शिविर का निरीक्षण एवं शिविर की व्यवस्था माननीय क्षेत्र के मंत्रीगण, विधायक, कलेक्टर एवं निगम आयुक्त के द्वारा स्थल पर पहुंच कर पात्र हितग्राहियों को मोबाईल वितरण किया जा रहा है। साथ ही मोबाईल की उपयोगिता के संबंध में जानकारी भी प्रदान की जा रही है। निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा प्रतिदिन शिविर स्थलों में पहुंच कर निरीक्षण किया जा रहा है। शिविर की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो इस संबंध में शिविर में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए है। ताकि शिविर में आने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पडे।

जनसम्पर्क अधिकारी